## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में एक बार फिर से मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने राज्य के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग से जारी सूचना के अनुसार आगामी तीन घंटों के दौरान प्रदेश के पेण्ड्रा, गौरेला, मरवाही, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सुरजपुर, बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोण्डागांव, महासमुंद, नारायणपुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़, सुकमा, बलौदाबाजार, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा तथा रायपुर में आगामी तीन घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### यात्री बस में हो रही थी कीमती लकड़ी की तस्करी

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** जिले में एक यात्री बस से वन विभाग की टीम ने बेशकीमती सागौन की लकड़ी जब्त की है। इसमें कुछ चिरान हैं तो कुछ दरवाजे, खिडक़ी समेत दूसरे फर्नीचर हैं। लकड़ी का यह सामान बीजापुर जिले के भैरमगढ़ से रात के समय चलने वाली मनीष ट्रेवल्स की यात्री बस में रखा गया था, जिसे धमतरी या रायपुर के किसी ठिकाने पर उतारने की तैयारी थी। मुखबिर से मिली सूचना पर फॉरेस्ट टीम ने गीदम बस स्टैंड में सारा सामान जब्त कर लिया है। हालांकि, यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए रात में ही बस को जाने दिया गया। गीदम रेंजर दया दीन वर्मा और डिप्टी रेंजर के राजू ने बताया कि ड्राइवर से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह सामान भैरमगढ़ का है। थाने के स्टाफ ने ही बस में सामान लोड कराया था।

### तस्करों के कब्जे से 35 मवेशियों को कराया गया मुक्त

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़-झारखण्ड की सीमा पर स्थित मवेशी तस्करी का बड़े केंद्र साईंटांगरटोली गांव में पुलिस ने अलसुबह दबिश दी. 125 पुलिसकर्मियों की 5 टीमों ने छापामार कार्रवाई में गांव में तस्करी के लिए रखे 35 गौवंश को छुड़ाया. वहीं आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया. एसपी शशिमोहन सिंह पुलिसकर्मियों की पांच टीमों को लेकर साईंटांगरटोली गांव में सुबह 4 बजे से दबिश दी. इसके पहले मवेशी तस्करों की नींद खुलती, पुलिस ने अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए तस्करी के लिए कैद कर रखे गए 35 गौवंशों को छुड़ाया. साथ ही तस्करी में प्रयुक्त होने वाले 14 वाहनों को जब्त किया. इसके साथ मवेशी तस्करी में संलिप्त आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया. बता दें कि एसपी शशिमोहन सिंह की अगुवाई में जशपुर पुलिस जिले में गौवंश की तस्करी पर लगातार कार्रवाई कर रही है. बीते 3 महीने में 375 गौवंशों को तस्करों से छुड़ाया गया है. पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही है. पुलिस की कार्रवाई से मवेशी तस्करों में हडक़ंप मचा हुआ है।

### बाइक सवार मां-बेटे को भारी वाहन ने मारी ठोकर, अस्पताल में बेटे की मौत, मां की हालत गंभीर

**भिलाई (आरएनएस)।** दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। बाइक पर जा रहे मां-बेटे को अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल एम्स ले जाया गया जहां बेटे ने दम तोड़ दिया और मां की हालत नाजुक हैं। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। अमलेश्वर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रा निवासी सुरेंद्र ठाकुर (25) अपनी मां जानकी ठाकुर (45 ) को लेकर अपने गांव जा रहा था। जामगांव एम-तर्रा मार्ग पर इनकी बाइक को पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां बेटे दूर जा गिरे और बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया वहीं मां-बेटे घायल अवस्था में पड़े रहे।

# नहीं चलेगी लेट-लतीफी, कार्यालयों में निर्धारित समय पर उपस्थिति को लेकर संभागायुक्त सख्त

- अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी
- संभागस्तरीय बैठक में संभागायुक्त श्री कावरे ने दिए निर्देश, शासकीय कामकाज की समीक्षा की

रायपुर | आरएनएस

शासकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर रायपुर संभागायुक्त ने कड़ा रूख दिखाया है। आज संभागायुक्त कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में श्री कावरे ने सख्त निर्देश दिए की निर्धारित समय पर कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। निर्धारित समय पर कार्यालय नही आने वाले अधिकारी-कर्मचारी के कारण आमजनों के काम प्रभावित होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध शासकीय नियमो के अनुसार निलंबन तक की कार्रवाई कार्यालय प्रमुख कर सकेंगे। श्री कावरे ने यथासंभव कार्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम लगाने की पहल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त ने रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों में चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली। बैठक में कृषि, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में संभागायुक्त ने अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शामिल सभी जन सेवाओं को निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं से संबंधित जानकारी बोर्ड लगाकर कार्यालयों में प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। श्री कावरे ने बैठक में यह भी कहा कि लोक सेवा गारंटी के सेवाओं का ऑनलाईन रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सप्ताहवार प्रिंट आउट लेकर पंजी संधारण भी करें। उन्होंने सभी संभाग स्तरीय अधिकारियों से अपने-अपने कार्यालयों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। श्री कावरे ने संभाग मे चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए।

खेती-किसानी के लिए ग्रामीणों को ना हो कोई तकलीफ, पहले से रहें इंतजाम- बैठक में श्री कावरे ने चालू खरीफ मौसम के संदर्भ में खेती-किसानी के लिए खाद-बीज-दवा, उद्यानिकी फसलों के बीज, दवा आदि की उपलब्धता और वितरण की भी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में किसानों को बीज-खाद-दवा आदि वस्तुओं की कमी ना हो। खेती-किसानी, पशुपालन आदि से जुड़ी आदान सामग्रियों का पहले से ही पर्याप्त मात्रा में भण्डारण सुनिश्चित कर लिया जाए। संभागायुक्त ने इन सामग्रियों की किसानों को उपलब्धता भी सरलता और सुगमता से सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री कावरे ने किसानों को आसानी से कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए भी व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए।

ज्यादा से ज्यादा किसानो को मिलें शासकीय योजनाओं और नई तकनीकों की जानकारी - संभागायुक्त श्री कावरे ने बैठक में कृषि और उससे जुड़े विभागों की शासकीय योजनाओं का विस्तार अधिकारियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की पूरी जानकारी ग्रामीण विस्तार अधिकारियों को रहे ताकि वे ग्रामीणों को संतुष्टि के स्तर तक योजनाओं की समझाइस दे सकें।

संभागायुक्त ने यह भी कहा कि खेती-किसानी, मछली पालन से लेकर सब्जी उत्पादन, फल-फूल उत्पादन और पशुपालन की नई-नई तकनीकों को भी ग्रामीणों को अधिक से अधिक बताया जाए ताकि वे इन तकनीकों से उत्पादन को बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सके। संभागायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए भी प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को पटवारी हटवाएं: कलेक्टर धर्मेश साहू

- कलेक्टर धर्मेश साहू ने समय सीमा की बैठक ली

सारंगढ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यो, मांग, शिकायत आदि से जुड़ें आवेदनों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। कलेक्टर ने सभी लंबित आवेदनों का क्रमवार निराकरण की स्थिति, निराकरण करने में अधिकारियों को आ रही समस्या के बारे में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले के सभी स्कूलों में स्कूल जतन योजना से अब तक हुए कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी, जिन स्कूलों में ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं किया गया है उन ठेकेदारों पर अब तक की गई कार्यवाही और उनके कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी निर्माण के लिए स्थल या अन्य किसी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर साहू ने एसडीएम और सीईओ को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने पंचायत सीईओ को भी पंचायत कार्यों में हुए अनियमितता पर सरपंच सचिव के विरूद्ध किए गए वास्तविक शिकायतों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिनके विरूद्ध शासकीय नियम कानून अनुसार कार्यवाही किया जाएगा।

राजस्व कार्यो फौती नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, रिकार्ड दुरूस्ती, प्राकृतिक आपदा अंतर्गत पशु एवं जनहानि, आवास क्षति आदि के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत तहसील कार्यालय में आवेदन करने के लिए कलेक्टर ने जिले के नागरिकों को कहा। कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा है कि यदि तहसील कार्यालय में आवेदन देने पर कार्य नहीं होता तो वे कलेक्टर कार्यालय में आवेदन जमा करें। कलेक्टर ने पटवारियों को कहा है कि सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाएं। यदि सरकारी भूमि पर पटवारी द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं किया जाता, तो ऐसे पटवारियों के विरूद्ध शासकीय नियमों के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

कलेक्टर ने प्रदेश में आधार पंजीयन एवं अपटेड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन कार्य में सभी विभाग मिलकर प्रगति लाएं। ई-श्रम पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड निर्माण के संबंध में कलेक्टर ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले के ऐसे परिवार जो खेती-किसानी के बाद पलायन कर जाते हैं वो वर्तमान में अपने गांव-घर में खेती-किसानी करने आएं होंगे, ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर तत्काल उनका राशन कार्ड बनवाएं। इसके लिए जिले के सभी सीईओ-सीएमओ को राशन कार्ड निर्माण के लिए खाद्य विभाग की ओर से आईडी दी गई है। कलेक्टर साहू ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के दबाव में नियम विरूद्ध राशन कार्ड नहीं बनाना है। पीएम आवास, भूअर्जन, पीडीएस राशन दुकानों से वसूली, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ पुष्पलता टंडन, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर

## चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पहचान के लिए पुलिस की अपील

रायगढ़



दिनांक 07.08.2024 के शाम चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की उम्र लगभग 30-35 वर्ष बताई जा रही है। शव के दाहिने हाथ में 'mv' गुदना (टैटू) अंकित है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया तथा मृतक के फोटोग्राम विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में पुलिस द्वारा शेयर किया गया है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा स्थानीय जनता से इस व्यक्ति की पहचान में मदद करने की अपील की है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया थाना प्रभारी चक्रधरनगर के मोबाईल नंबर-9479193210 या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर-9479193299 पर सूचित करें। थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर शव को मरच्युरी में रखवाया गया है।

## भदरीपाली में अवैध महुआ शराब निर्माण ठिकाने पर खरसिया पुलिस की कार्यवाई

- शराब रेड में 20 लीटर महुआ शराब बरामद, पुलिस ने आरोपी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार भेजा जेल

रायगढ़



दिनांक 07.08.2024 को खरसिया पुलिस द्वारा सक्रिय शराब अभियान के तहत थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भदरीपाली गांव में अवैध महुआ शराब निर्माण पर शराब रेड कार्रवाई किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने तालाब के किनारे बने चुल्हे पर बड़े-बड़े बर्तनों में कच्ची महुआ शराब बनाते हुए भेषज कुमार डनसेना (34 साल) भदरीपाली को रंगे हाथों पकड़ा। मौके पर से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब और कई मोडीफाई किया सिल्वर बर्तन बरामद किए गए। आरोपी पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला, सउनि लक्ष्मीनारायण राठौर, प्र.आर. बिरीछराम साण्डे, आर. प्रदीप तिवारी, विशोप सिंह, सत्यनारायण सिदार, रमेश बरेठ शामिल थे।

## चक्रधरनगर थानाक्षेत्र में 28 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

रायगढ़



दिनांक 06.08.2024 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर कृषि कालेज मार्ग पर आरोपित- विजय मिंज पिता धनसाय मिंज उम्र 40 वर्ष साकिन छोटे रेगडा थाना चक्रधरगनगर के कब्जे से प्लास्टिक जरकिन और प्लास्टिक बाटल में कुल 13.500 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विजय मिंज ग्राम रेगडा की ओर से पैदल कृषि कालेज के रास्ते रायगढ़ की ओर प्लास्टिक झोला में अवैध महुआ शराब बिक्री करने उद्देश्य से ले जा रहा है जिसे रेड कर पकड़ा गया।

एक अन्य कार्रवाई में चक्रधरनगर पुलिस टीम द्वारा आरोपित- अक्षय कुमार प्रजा पिता स्व. मोहन लाल प्रजा उम्र 22 वर्ष साकिन विजयपुर मरघट्टीपारा रायगढ़ को इंदिरा बिहार फारेस्ट बेरियर के रास्ते में दोनो हाथों में प्लास्टिक थैला में शराब लेकर आते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों कार्यवाही को आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्वाई की गई है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेरके नेतृत्व में शराब रेड कार्वाई में प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, रविसाय आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे और नंद कुमार पैंकरा शामिल थे।

## स्वास्थ्य जांच के लिए 5 एमएमयू वाहन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सारंगढ़ बिलाईगढ़




कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य जांच के लिए पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बरसात के रिमझिम फुहार के बीच वाहनों का काफिला निकला। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के प्रयास से जिले में पांच चलित चिकित्सा इकाई(मोबाइल मेडिकल यूनिट, एमएमयू) का संचालन साकार हुआ। मोबाइल मेडिकल यूनिट( डॉक्टर्स फॉर यू) की प्रबंधन आर ई सी फाउंडेशन के द्वारा की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्य योजना(रूट मैप) तैयार कर जिले के दूरस्थ अंचल के ग्रामों में भेजा जाएगा, जहां लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने बताया कि प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फर्माशिष्ट, लैब टेक्नीशियन उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू सभी सुविधाओं से लैस रहेगी, जिसमें लैब टेस्ट और उपचार की व्यवस्था होगी। विकासखंड के जनसंख्या के आधार पर सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के लिए 2-2 और बरमकेला के लिए 1 एमएमयू डॉक्टर आपके द्वार (डॉक्टर्स फॉर यू) प्रदान की गई है, जो जिले के दूरस्थ अंचल के ग्रामों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। एमएमयू के शुभारंभ अवसर पर हरिशंकर चौहान (परियोजना निदेशक), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला,जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार, नीरज कुमार राज्य समन्वयक (डॉक्टर्स फॉर यू), जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ बेद राम पटेल, एमएमयू के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनहर, समीर आर्य जिला सुपरवाइजर (डॉक्टर्स फॉर यू) सहित जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## श्रीरामलला दर्शन योजना में 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

- काशी विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन
- श्रद्धालुओं का स्टेशन पर भव्य स्वागत, श्रीराम के जयकारों से गूंजा स्टेशन

रायपुर | आरएनएस




श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 850 श्रद्धालुओं को लेकर मंगलवार को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से रवाना हुई। ये श्रद्धालु अयोध्या में श्रीरामलला के साथ ही काशी में बाबा विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। राज्य शासन के श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालु अयोध्या और काशी जा रहे हैं। यात्रा और दर्शन को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित दिखे। स्टेशन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जय श्रीराम के जयकारे से पूरा स्टेशन राममय हो गया। पारंपरिक नृत्यों और बाजे-गाजों के बीच उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। यात्रा के दौरान खान-पान सहित सभी सुविधाएं राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से श्रीरामलला और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे लोगों ने श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार जताया। बिलासपुर की जोरापारा, सरकण्डा की श्रीमती रमा तिवारी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह अवसर प्राप्त हो रहा है। हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम श्रीरामलला के दर्शन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कोरबा के श्री प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना राज्य के लोगों की आस्था का सम्मान है। इससे प्रदेशवासियों को श्रीरामलला के दर्शन का सुअवसर मिल रहा है। रायगढ़ की श्रीमती राजकुमारी पटेल ने कहा कि हमें अयोध्या दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए हम सरकार के आभारी हैं।